**खबर संक्षेप**

### खड़े ट्रक में कार जा भिड़ी, एक की मौत



**छिंदवाड़ा।** बुधवार रात्रि 12 बजे लगभग देहात थाने के पास सड़क किनारे खड़े पंचर ट्रक में एक कार पीछे से आ भिड़ी। इससे कार में सवार एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। गाड़ी चला रहे व्यक्ति को घायल अवस्था में देहात पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया।

### सिटी टास्क फोर्स छिंदवाड़ा शहरी की बैठक संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** सिटी टास्क फोर्स छिंदवाड़ा शहरी की बैठक गत दिवस सीएमएचओ डॉ.एन.के शास्त्री के निर्देशन में कमिश्नर नगरपालिक निगम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शहरी नोडल अधिकारी डॉ.अर्चना कैथवास, मीडिया अधिकारी डॉ.प्रमोद वासनिक, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.एल.एन.साहू, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री शैलेन्द्र सोमकुंवर, शहरी सहायक कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती आरती यादव, एम.एंड ई. अधिकारी श्री विपिन भागरे, व्ही.सी.सी.एम. श्री महेश महेश्वरी, डब्ल्यू.जे.सी.एफ. डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर श्री शैलेन्द्र पाठक, यू.पी.एच.सी. मेडिकल ऑफिसर डॉ.सुधीर शुक्ला, डॉ.सुमित मोहबे, बी.ई.ई.श्री बी.आर.देशमुख, सभी सुपरवाइजर एवं महिला बाल विकास सुपरवाइजर उपस्थित थे। बैठक में शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत टीकाकरण, मातृत्व सुरक्षित अभियान, दस्तक अभियान के सफल संचालन के लिये महत्वपूर्ण चर्चा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।

### परिजन करा रहे बैंडबाजे के लिए बुकिंग, देवशयनी से पहले पांच दिन सजेंगे मंडप

# बारिश के मौसम में भी बजेंगी शहनाईयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जिन लोगों ने वर वधू की शादी जोड़ने में विलंब किया है। ऐसे लोगों को जुलाई में लग्न वेदी सजाने का मौका मिलने वाला है। देवशयनी से पहले अलग- अलग तिथि में पांच से एक बार फिर से बाजार में रौनक लौटने वाली है। जिन लोगों ने बेटे व बेटी का रिश्ता तय किया है।

वे बरसात की देखते हुए शादी के लिए फार्म हाउस व सदनों के साथ ही बैंडबाजे, धुमाल की बुकिंग करने में रुचि लेने लगे हैं। 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी के साथ शुरू होगी शहर के होटल, फार्म हाउस ही नहीं प्राइवेट भवनों में भी एक बार फिर से शादी के लिए लग्न वेदी सजाने की तैयारी लोगों ने शुरू की है। अलग-अलग तिथि में पांच मुहूर्त जुलाई में मिलने जा रहे है। इसे देखते हुए लोगों ने बेटे बेटी का विवाह कराने के के लिए तैयारी भी तेजकर दी है, क्योंकि इसके बाद लोगों को नवंबर में 9,11,12,13 और 15 को मुहूर्त 12 नवंबर को चार माह के विश्राम के बाद भगवान विष्णु जागृत होंगे। अरु विवाह के लिए कोई मुहुर्त नहीं है। मांगलिक आयोजनों के लिए शुभ मुहूर्त मिलेंगे। इस लिहाज से शादी में उपयोग की जाने वाली सामग्री खरीदने के लिए लोग पहुंचने लगे हैं। दुकानदारों ने शादी का सीजन खत्म होने के बाद फिर से पांच दिन मुहुर्त मिलने के कारण विवाह सामग्री की बिक्री प्रारंभ करते है।



#### भारी बारिश का करना पड़ सकता है सामना

जुलाई के मौसम में शादी करने वाले परिवारों को भारी बारिश का सामना करना पड़ सकता है। बता दे कि जुलाई माह में भारी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। शादी करने वाले परिवारों को इसके पूर्व ही सावधानी रखनी होगी और पूर्ण व्यवस्था करनी होगी नहीं तो भारी बारिश विवाह जैसे शुभ मुहुर्त में खलल पैदा कर सकती है।

#### बैंडबाजा, घोड़ागाड़ी वाले के दाम आसमान पर

जुलाई माह में केवल पांच मुहुर्त मिलने की वजह से शादी समारोह में बैंडबाजों एवं घोड़ागाड़ी वालों के रेट आसमान छूने लगे है। क्योंकि जुलाई माह में कम मुहुर्त है। ऐसे में परिजनों को मजबूरन अधिक दामों पर ही बैंडबाजा और घोड़ागाड़ी की व्यवस्था करनी पड़ेगी। हालांकि कुछ लोग चौपहिया वाहन से काम चला लेंगे लेकिन बड़े घर से बिलॉंग करने वाले परिवारों को घोड़ागाड़ी अधिक दामों पर ही लेनी पड़ सकती है। गुरूवार से आगामी पांच दिनों में विवाह शुरू हो जाएंगे।

**संभागीय कमिश्नर ने दिए निर्देश**

## जनपद पंचायत मोहखेड़ के सीईओ टिम्हरिया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

संभागीय कमिश्नर अभय कुमार वर्मा ने छिन्दवाड़ा कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये प्रतिवेदन के आधार पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोडखेड़ भागचन्द टिम्हरिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन काल में उन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिंदवाड़ा कार्यालय नियत किया गया है।

संभागीय कमिश्नर श्री अभय कुमार वर्मा ने बताया कि छिन्दवाडा कलेक्टर श्री सिंह द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि 19 जून 2024 को ग्रामीण विकास विभाग की बैठक में सांसद/विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करने पर यह पाया कि जनपद पंचायत मोहखेड़ को सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में 19 कार्य स्वीकृत किये गये थे, जिनमें से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोडखेड़ भागचन्द टिम्हरिया द्वारा एक भी कार्य को पूर्ण नहीं कराया गया है। यह कार्य अपूर्ण रहने का कारण पूछे जाने पर उनके द्वारा कोई विस्तृत विवरण नहीं दिया गया। इसी प्रकार श्री टिम्हरिया अपने मुख्यालय मोहखेड़ में निवासरत नहीं पाये गये। शासन के निर्देशो के उपरांत भी श्री टिम्हरिया द्वारा मुख्यालय पर निवास न करने के कारण विभागीय कार्यों की उचित मॉनीटरिंग नहीं हो पा रही। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोहखेड़ भागचन्द टिम्हरिया का यह कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण नियम) 1965 के नियम-3 के अंतर्गत घोर कदाचरण का द्योतक है, जिसके फलस्वरूप उन्हे म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 के अंतर्गत उन्हे तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

## भाजपा का मतलब विकास कांग्रेस का मतलब विनाश- सांसद बंटी साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

अमरवाडा विधासभा के उप चुनाव में सांसद बंटी विवेक साहू नें क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जनसम्पर्क किया एवं जनसभाओं को संबोधित किया जनसभा को संबोधित करते हुए बंटी विवेक साहू ने कहा की भाजपा का मतलब विकास है। और कांग्रेस का मतलब विनाश है उन्होंने कहा की केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। भाजपा जीतेगी तो सभी मूलभूत सुविधाए उपलब्ध होगीं कांग्रेस ने 45 वर्षो से जिले को छला हैं। बंटी विवेक साहू ने अमरवाडा क्षेत्र के ग्राम भुमका, भाजीपानी, खिरदा, तिनसई, पडरिया, डुगरिया, गुटेरा, कोठिया, डोरली, पालापानी, ग्राम में सघन जनसम्पर्क किया एवं ग्रामीणों से मिले।

# निजी स्कूल वसूल रहे हैं पालकों से मनमानी फीस

**स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर बेलगांव ने की एसडीएम से शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

इन दोनों शिक्षा विभाग के अधिकारियों के आंखों के नीचे क्षेत्र की निजी स्कूल संचालकों के द्वारा अनियमितताओं के बीच स्कूलों का संचालन कर पालकों से स्कूल में संचालित होने वाले आयोजनों के नाम पर मोटी फीस वसूली जा रही है।पालकों के द्वारा स्कूलों में मची हुई लूट को लेकर प्रशासन को शिकायतें करने के बावजूद भी इन स्कूलों की जांच नहीं हो रही है। निरंतर निजी स्कूलों में कैरियर गाइडेंस,खेलकूद प्रतियोगिता, शैक्षणिक भर्मण,वार्षिक उत्सव,शाला विकास समिति को दान आईकार्ड, आदि के नाम पर बड़े पैमाने पर पालकगणों से पैसे की उगाई की जा रही है। बच्चों के द्वारा पैसे नहीं देने के बाद में उनके रिजल्ट या फिर परीक्षाओं में बैठने के लिए परेशान किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर के मोहगाव मार्ग पर मंगल कार्यालय के पास संचालित होने वाली पब्लिक स्कूल की मान्यता नहीं होने के बावजूद भी धड़ल्ले से 3 कमरों में अनियमितताओं के बीच में स्कूल का संचालन किया जा रहा है। पांलकों के द्वारा इस स्कूल की जांच करने की मांग शिक्षा विभाग के अधिकारियों से की जा रही है।

#### आरटीई के बच्चे से फीस वसूली, एसडीएम से शिकायत

गुरुवार को एक पालक के द्वारा नगर के बेलगांव मार्ग पर संचालित होने वाली स्वामी विवेकानंद स्कूल के द्वारा निःशुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आने वाले छात्रों से फीस लेने एवं अन्य अनियमितताओं को लेकर सौसर एसडीएम से शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। एसडीएम को सोपे ज्ञापन में पालक राधेश्याम खवसे ने बताया कि स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर बेलगांव में सत्र 2023-24 में मेरा बालक कक्षा आठवी में निःशुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अध्ययनरत है। उक्त स्कूल द्वारा बालक का आरटीई में अध्ययनरत होने के पश्चात भी कक्षा 8वी के परीक्षा फार्म भरने हेतु सास्कृतिक कार्यकम, डोनेशन एवं अन्य प्रकार की फीस स्कूल द्वारा बच्चे से ली गई। जो कि शासन के नियम से गलत अपराध है। इसके पश्चात स्कूल प्राचार्य संचालक द्वारा बालक का कक्षा आठवी बोर्ड परीक्षा का फार्म तभी भरा गया जब तक स्कूल को 600 रू नही दिये गए। स्कूल प्राचार्य को रसीद मागने पर रसीद नही दी गई है। स्कूल प्राचार्य संचालक द्वारा फ्रॉम फीस के लिए बच्चे को प्रताडित किया गया है।बालक के कक्षा आठवी के बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट में हेराफेरी की गई।जिसमें स्कूल द्वारा उसे संस्था में छठवे स्थान पर बताया गया। जबकि बच्चे को आठवी की बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट में पुरक प्राप्त हुई। इसके कारण बच्चे के मानसिक स्वास्थ पर बुरा परिणाम हुआ। शाला में पालकों को ऑनलाईन फीस जमा करने के लिए संस्था संचालक के फोन पे का क्युआर कोड भेजा जाता है,जबकि शासन के नियमानुसार स्कूल फीस स्कूल अकांउट में जाना चाहिए।प्रशासन को ज्ञापन के साथ में दस्तावेज सोपते हुए पालक के द्वारा स्कूल की जांच कार्रवाई करने की मांग की गई है। कार्यवाही के लिएवज्ञापन की प्रतिलिपियां प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री शिक्षामंत्री एवं अन्य मध्य प्रदेश शासन के उच्च अधिकारियों को भी भेजी गई है। **इस संबंध में स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर बेलगांव संचालक मारोतराव बुले ने बताया कि आरटीई के बच्चों से फीस संस्था में नहीं ली जाती है। बोर्ड का रिजल्ट हमारे हाथ में नहीं होता है।**




### अमरनाथ यात्रा के लिए गांगीवाड़ा से युवाओं का दल रवाना



**छिंदवाड़ाः**-गागीवाडा से अमरनाथ यात्रा के लिए युवाओं का दल बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए आज भारतीय सेन समाज के अध्यक्ष अंकित बंदेवार के नेतृत्व में रवाना हुआ।जिसमें दीपक सूर्यवंशी, अखिलेश सूर्यवंशी, हेमंत प्रजापति,मधु प्रजापति,वरुण सूर्यवंशी, ओमप्रकाश डेहरिया, सोनू सूर्यवंशी, रवि सूर्यवंशी, अशीष सूर्यवंशी ने बाबा बर्फानी के लिए छिंदवाड़ा में दिल्ली के लिए रवाना हुआ। इस अवसर भारतीय सेन समाज के जिला युवा अध्यक्ष हेंमत बंदेवार, सेलून एसोसिशन अध्यक्ष बंटी श्रीवास, महासचिव दीपक राज बंदेवार विशेष रूप से उपस्थित थे। उक्त जानकारी हेमंत बंदेवार जिलाध्यक्ष भारतीय सेन समाज ने दी है।

## परिवहन विभाग के जांच दल ने विभिन्न स्कूलों में जाकर की वाहनों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज शहर के विभिन्न स्कूलों में जाकर सभी वाहनों की बारीकी से जांच की गई। परिवहन जांच दल द्वारा सवारी बसों, ऑटो रिक्शा एवं सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों की जाँच की गई जिसमें मुख्यतः वाहनों के समस्त दस्तावेजों जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वैध लाइसेंस शामिल हैं। जाँच के दौरान वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार आदि की जांच की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि शहर के विभिन्न स्कूलों में जाकर सभी वाहनों की बारिकी से जांच की गई। चैकिंग की जानकारी लगने पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। उन्होंने अपने रास्ते को बदल लिया। मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 09 वाहनों से 17000 रूपये का जुर्माना लिया गया। वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के संबंध में भी जांच की।

## बजरंग दल ने राहुल गांधी का जलाया पुतला

**बजरंग एवं विश्व हिन्दू परिषद परिसर के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

संसद में राहुल गांधी द्वारा दिए गए हिंदू विरोधी बयान कि हिन्दू हिंसा और नफरत फैलाता है एवं असत्य और झूठ बोलता है इससे सारा हिंदू समाज आहत हुआ है। इस हेतु विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने इसका कड़ा विरोध किया और आपत्ति जताते हुए आज छिंदवाड़ा में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने उग्र आंदोलन कर धरना प्रदर्शन पुतला दहन किया।

पुतला दहन में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार प्रांत सदस्य अजय बंदेवार, विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री ऋषिराज सिंह बैस, विभाग सह मंत्री नकुल विश्वकर्मा, विभाग गौ रक्षा प्रमुख गुड्डा रघुवंशी, धर्म प्रसाद विभाग संयोजक प्रशांत छोटू पाल, बजरंग दल विभाग सुभाष गाडेकर, शैलेश यदुवंशीविश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष बदल साहू, जिला सह मंत्री रुपेश लांजीवर, जिला कोषाध्यक्ष सुमित काबरा, बजरंग दल जिला संयोजक गौरव सेन, जिला सहसंयोजक निर्भय पटेल, नितेश पटेल, जिला सुरक्षा प्रमुख आकाश कहार पिल्लू, जिला गौ रक्षा प्रमुख देशराज सूर्यवंशी, बजरंग दल नगर अंशुल यादव, नगर सह संयोजक आशीष सिंगारे, छिंदवाड़ा ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार रघुवंशी, सौसर प्रखंड मंत्री गणेश प्रजापति, प्रखंड संयोजक लखन जी, बजरंग नगर सावन गौहर, युवराज विश्वकर्मा, दीपक चंद्रवंशी, अंकित महोबे,अमन सहारे एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत लगाये 300 पौधे

**कृषि अनुसंधान केन्द्र एवं कृषि विज्ञान केन्द्र चंदनगांव में भी किया गया पौधारोपण**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से आज सहायक कृषि अभियांत्रिकी कार्यालय छिंदवाडा प्रांगण में 300 फलदार पौधों का पौधारोपण कार्य किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, राजस्व अनुविभागीय अधिकारी श्री सुधीर जैन, श्री मेरसिंह चौधरी, समाज सेवी श्री सेवक यादव, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार छिंदवाडा द्वारा पौधारोपण करते हुए जिले के सभी गणमान्य नागरिकों से अपील की गई कि 15 जुलाई 2024 तक सभी लोग एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण करें। साथ ही सह संचालक आंचलिक कृषि अनुसंधान केन्द्र चंदनगांव डॉ.आर.सी.शर्मा एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र चंदनगांव डॉ.डी.सी.श्रीवास्तव, उप संचालक उद्यानिकी एम.एल.उइके मौजूद रहे।

### सड़कों का होगा चौड़ीकरण एवं उन्नयन, पूर्व विधायक ने रखी मांग

**चौरई ।** पूर्व विधायक पं रमेश दुबे के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों की सड़कों का उन्नयन एवं चौड़ीकरण कार्य जल्द हो सकेगा । ज्ञात हो की पूर्व विधायक श्री दुबे ने विगत दिनों नागपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भेंटकर क्षेत्र की सड़कों के चौड़ीकरण करने की मांग की थी साथ ही श्री दुबे ने मुख्यमंत्री डा मोहन यादव और लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह को पत्र लिखकर क्षेत्र की सड़कों के चौड़ीकरण व उन्नयन की मांग रखी थी परिणाम स्वरूप मुख्यमंत्री डा मोहन यादव जी ने विधानसभा क्षेत्र की सड़कों को लेकर बजट में प्रावधान करते हुए क्षेत्र को बड़ी सौगात देकर सड़को के चौड़ीकरण व उन्नयन की स्वीकृति प्रदान की है । पूर्व विधायक श्री दुबे की मांग पर मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने सिंगोड़ी से हिवरखेड़ी, मानेगांव होते हुए पिपरियागुमानी अकलमा कुर्सीपार तक एवं मोहगावखुर्द से सांख , साजपानी , मंदरिया, बांसखेड़ा, रमपुरी, मेघदौन, डोला खमरा, लोहारबत्री, निशान जानोजी, नीलकंठी, उभेगाव, झिरिया, सारंगबिहरी, बिछुआ मुख्य मार्ग तक सड़क का प्रावधान प्रदेश के बजट में किया गया है इन सड़को का जल्द निर्माण हो सकेगा जिससे आमजन को आवागमन को सुविधा होगी ।इस सौगात पर पूर्व विधायक श्री दुबे ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, सीएम डा मोहन यादव , लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह और प्रदेश की जनहितैषी भाजपा सरकार का आभार व्यक्त किया है ।

**कलेक्टर ने किया उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा का औचक निरीक्षण**

# कलेक्टर विद्यार्थियों से हुए रूबरू हुए, लक्ष्य केंद्रित होकर अध्ययन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा का औचक निरीक्षण किया। पूरे विद्यालय परिसर का निरीक्षण करने के साथ ही, शिक्षकों के जिला स्तरीय विज्ञान प्रशिक्षण में शामिल हुए, विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहित किया और विद्यालय परिसर में विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण भी किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल भी उनके साथ थे। यद्यपि कलेक्टर महोदय का यह औचक निरीक्षण था परंतु विद्यार्थियों और शिक्षकों को पता था कि आज कलेक्टर का दौराहै इसलिए सभी सतर्क होकर गणवेश में पहुंचे थे। इसलिए इस निरीक्षण को औचक निरीक्षण कहना न्योचित नहीं होगा। कलेक्टर ने सर्वप्रथम उत्कृष्ट विद्यालय में चल रहे शिक्षकों के जिला स्तरीय विज्ञान प्रशिक्षण में शामिल हुए और उपस्थित 190 शिक्षकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सभी शिक्षकों को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा तथा समय के सदुपयोग पर जोर देते हुये विभिन्न उदाहरणों एवं प्रसंगों के माध्यम से प्रेरित किया। वहीं विद्यार्थियों को विषय को रूचिकर ढंग से पढ़ाने के साथ ही उनके चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास की ओर भी ध्यान देने की समझाईश दी। कलेक्टर श्री सिंह ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में शिक्षकों को शिक्षण कार्य पूर्ण रूचि एवं उत्साह से करने तथा समय की कमी के बहाने न बनाने की भी समझाईश दी। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में लगभग 2 घंटे का समय दिया तथा पूरे विद्यालय परिसर का भ्रमण किया। भ्रमण करते हुये उन्होंने विद्यालय के पुस्तकालय, विद्यालय की स्वच्छता, सजावट एवं अनुशासन की प्रशंसा की।

कलेक्टर श्री सिंह विभिन्न कक्षाओं में भी पहुंचे और विद्यार्थियों से रूबरू हुए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये उन्होंने लक्ष्य निर्धारण करने के लिए अपनी रुचि के अनुसार विषय को चुनने तथा लक्ष्य केन्द्रित कर अध्ययन करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण की मास्टर ट्रेनर श्रीमती अमिता शर्मा के द्वारा किया गया। विद्यालय के भ्रमण के बाद कलेक्टर श्री सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल, शाला प्राचार्य, समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों के साथ शाला परिसर में पौधारोपण भी किया। इस दौरान प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय छिन्दवाडा श्री अवधूत काले, मास्टर ट्रेनर डॉ.साबिर फारूकी, श्री राकेश डेहरिया, श्री कमलेश चौरासे, श्री अजय कराडे एवं श्रीमती अमिता शर्मा के साथ ही विद्यालय का स्टाफ उपस्थित था ।



## बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने जताया आक्रोश

# सर्व हिंदू समाज ने राहुल गांधी का पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई

लोकसभा सत्र के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के हिंदुओं के खिलाफ दिए गए विवादित बयान से हिंदू समाज में आक्रोश बढ़ गया है। सर्व हिंदू समाज ने राहुल गांधी के बयान का विरोध करते हुए भारत माता चौक पर गुरुबार की दोपहर उनका पुतला फूंका। इसके साथ ही राहुल गांधी के विरोध में नारे लगाते हुए देश से माफी मांगने की मांग की। इसके साथ ही समाज के लोगों ने राहुल गांधी को फिरोज खान का वंशज होने के चलते हिंदुओं के प्रति नफरत की भावना रखने का आरोप भी लगाया। इस दौरान बजरंग दल, विश्वहिंदू परिषद् के कार्यकर्त्ता सहित अन्य मौजूद थे।

### 98 आदिवासी बच्चे हुए चयनित

**तामिया।** मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु हुई परीक्षा के परिणाम बुधवार को घोषित किए गए। परिवार संस्था के जिला एंकर पिंटू प्रजापति और एजुकेशन एंकर सुमित मालवीय ने बताया कि इन परीक्षा परिणामों में 'परिवार' संस्था द्वारा छिंदवाड़ा जिले में संचालित सेवा कुटीरों में अध्ययनरत 98 आदिवासी बच्चों का चयन हुआ। ये बच्चे जिले के एकलव्य विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर तथा आदर्श विद्यालयों में रहकर आगे की पढ़ाई करेंगे। परिवार संस्था के द्वारा इन बच्चों को इस प्रवेश परीक्षा के लिए विशेष रूप से तैयारी करवाई गई तथा परीक्षा के लिए आवेदन करने से लेकर परीक्षा देने तक बच्चों तथा उनके परिजनों का सहयोग किया गया। उल्लेखनीय है कि परिवार (www.parivaar.org) एक समाजसेवी संस्था है, जिसकी स्थापना आईआईटी-आईआईएम से शिक्षित विनायक लोहानी द्वारा वर्ष 2003 में की गई थी। संस्था द्वारा मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में शिक्षा, पोषण तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। छिंदवाड़ा जिले में संस्था द्वारा 100 गाँवों में सेवा कुटीर के माध्यम से बच्चों को निशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा पोषणयुक्त आहार दिया जा रहा है। संस्था द्वारा जिले में 4 निशुल्क एम्बुलेंस तथा 2 निशुल्क मोबाइल मेडिकल क्लिनिक संचालित किए जा रहे हैं तथा नेत्र शिविर के माध्यम से लोगों की आँखों के निशुल्क ऑपरेशन भी किए जा रहे हैं।

### आज राशि नगर पालिका में होगा सीधा प्रसारण

**जुन्नारदेव :** लाडली बहना योजना के अंतर्गत राशि का वितरण मुख्यमंत्री द्वारा किया जाना है। जिसका सीधा प्रसारण नगर पालिका कार्यालय में शाम 4:00 बजे आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में समस्त पार्षद एवं लाडली बहन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को आमंत्रित किया गया है।ख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में आज 05 जुलाई को ग्राम छिपरी जिला टीकमगढ से लाडली बहना योजना के माह जुलाई 2024 की राशि/प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के एलपीजी गैस कनेक्शन धारी उपभोक्ताओं तथा गैर पीएम उज्जवला योजना श्रेणी में लाडली बहना के हितग्राहियों को माह मार्च 2024 के लिए देय गैस रिफिल अनुदान राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया जाना प्रस्तावित है।

## नवांकुर संस्था ने किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में नवांकुर संस्था स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति द्वारा जिला समन्वय अखिलेश जैन ब्लॉक समन्वय संजय बामणी जी के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम ग्राम पंचायत खाप स्वामी के शिव मंदिर में किया गया जिसमें प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं अध्यक्ष उपस्थित थे ब्लॉक जुन्नारदेव सेक्टर 2 की मीटिंग भी आज आयोजित की गई जिसमें वृक्षारोपण पर विशेष चर्चा रही सेक्टर 2 के सभी 18 पंचायत के द्वारा वृक्षारोपण का कार्य जिले के निर्देश अनुसार सेक्टर में वृक्षारोपण का कार्य किया जाएगा आज की मीटिंग का विशेष एजेंडा वृक्षारोपण पर ही रहा है तथा सारी समितियां को अच्छे से कार्य करने का सुझाव दिया गया इसमें उपस्थित नवापुर संस्था की अध्यक्ष अर्चना महोरे विशाल पंचायत अध्यक्ष राजेश झारबडे हरि के अध्यक्ष सचिव हरीकिशोर एवं भुवनेश ग्राम पंचायत उपली की अध्यक्ष शक्ल खरे एवं सचिव आदि लोग उपस्थित थे।

## नपा ने विवेकानंद पार्क पानी टंकी में किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

नगर पालिका परासिया ने गुरूवार को विवेकानंद पार्क पानी टंकी में पौधारोपण किया । नगर पालिका परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवीय ने साथियों के साथ पौधे लगाए । एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर पालिका के द्वारा पार्क में पौधारोपण किया गया । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर, सभापति आशीष जायसवाल, पवन सूर्यवंशी, इंजिनियर राजेंद्र सोनी, सलीम खान , प्रशांत शेलके, उमेश डहेरिया, सुरेश ठाकरे, आदि ने पौधारोपण किया । इस अवसर पर नगर पालिका सभापति पवन सूर्यवंशी ने कहा , कि नगर पालिका ने शासन की मंशा के अनुरूप आज पौधारापेण किया है । अन्य जगहों पर भी पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा , कि पेड़ जीवन देते है । पेड़ों को लगाकर उनका संरक्षण किया जाना चाहिए ।नगर पालिका के उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर ने कहा , कि नगर पालिका अध्यक्ष का आज जन्मदिन भी है । इस अवसर पर शासन की योजना के तहत पार्क का पौधारोपण और सौंदर्यीकरण दोनों काम प्रारंभ किया गया । उन्होंने कहा , कि ये पार्क बच्चों के जीवन की उमंग है । इस पार्क की सुंदरता बढ़ाकर सुविधाएं बढाई जाएगी । इंजिनियर राजेंद्र सोनी ने कहा , कि आज पार्क में पौधे लगाकर शासन की योजना को प्रारंभ किया गया है । नगर पालिका अध्यक्ष के जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण प्रारंभ किया गया।

### न्याय व्यवस्था में अति आवश्यक सुधार की मांग, ज्ञापन



**छिंदवाड़ा।** सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू के नेतृत्व में कई धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर न्याय व्यवस्था में सुधार की मांग की । ज्ञापन में बताया कि - हमारे देश का संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है । देश के 140 करोड़ लोगों को एक सूत्र में बांधे रखने में संविधान की महत्ता है । पर कुछ न्यायाधीश इस व्यवस्था को दीमक की तरह खाकर खोखला कर रहें हैं । देश में कुछ घटनाक्रम ऐसे हुए हैं जो आम लोगों को सोचने पर मजबूर करते हैं। सन 2010 में गुजरात के गृहमंत्री अमित शाह ( वर्तमान केंद्रीय-गृहमंत्री ) को जुलाई में गिरफ्तार किया गया। 29 अक्टूबर शुक्रवार को उनको उच्च न्यायालय से जमानत मिली । एक दिन बाद अचानक छुट्टी के दिन शनिवार सुप्रीम कोर्ट के एक न्यायाधीश आफताब आलम ने स्वयं के घर पर विशेष सुनवाई करते हुए अमित शाह को 2 वर्ष के लिए गुजरात राज्य में प्रवेश के लिए प्रतिबंध लगा दिया । ज्ञापन देते समय आधुनिक चिंतक हरशूल रघुवंशी , शिक्षाविद विशाल चवुत्रे , राष्ट्रीय बजरंग दल के नितेश साहू , कुनबी समाज के युवा नेता अंकित ठाकरे , साहू समाज के ओमप्रकाश साहू , कलार समाज के सुजीत सूर्यवंशी , पवार समाज के प्रमुख हेमराज पटले , टेलीकॉम सेक्टर के प्रतिष्ठित व्यवसायी नितिन डोईफोड़े ,आई. टी. सेल के प्रभारी भूपेश पहाड़े , युवा सेवा संघ के अश्विन पटेल , ओमप्रकाश डहेरिया , सुभाष इंग्ले , अशोक कराड़े , बबलू माहोरे ,अखिल भारतीय नारी रक्षा मंच से दर्शना खट्टर , डॉ. मीरा पराड़कर , करुणेश पाल , छाया सूर्यवंशी , वर्षा आहूजा , जया भगत ,कल्पना सोनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

## वार्ड चार में खराब सड़क से स्कूल नहीं जाएंगे बच्चे

### चेनगर पालिका ने सडक निर्माण के लिए किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

नगर के वार्ड क्रमांक चार में सडक निर्माण कार्य के लिए आज भूमिपूजन किया गया। इस सडक से स्कूल के बच्चे जाते थे । बेहद खस्ताहाल सड़क को बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही है । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने नागरिकों की मांग पूरी करते हुए इस सड़क के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया । नगर पालिका परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवीय, उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर, सभापति पवन सूर्यवंशी, आशीष जायसवाल, पार्षद वीर बहादुर सिंह, इंजिनियर राजेंद्र सोनी, विजडम स्कूल के संचालक हेमंत शर्मा और स्टाफ इस अवसर पर उपस्थित रहा । हेमंत शर्मा ने कहा , कि इस सड़क की मांग लंबे समय से की जा रही थी । सड़क खराब होने से नागरिकों, बच्चों को परेशानी होती थी । सड़क निर्माण से सभी को लाभ होगा । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा , कि इस सड़क की हालत बेहद खराब थी । इस सड़क के निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी । नगर पालिका के अध्यक्ष का दायित्व संभालते ही उन्होंने इस सड़क के निर्माण के लिए वादा किया था । सभी की मांगों को आज पूरा किया जा रहा है ।

## 7 करोड़ 40 लाख की लागत से बनेगा पुल
# सिवनहेटी नाले में आया पानी, आवागमन प्रभावित



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तिरोड़ी तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत खरपड़यि के सिवनहेटी गांव के वांशिदों को इस साल भी बारिश के मौसम में परेशानियों से दो-चार होना पड़ेगा. बुधवार की रात हुई जोरदार तेज बारिश के बाद के गुरुवार की सुबह से ही परेशान कर देने वाली तस्वीरें सामने आने लगी है. दरअसल, मुख्य सड़क मार्ग से सिवनहेटी गांव के बीच के रास्ते में आने वाले नाले में पानी का बहाव शुरू हो गया है और अब लगातार बारिश होने पर बहाव और तेज होगा. जिससे सिवनहेटी गांव की जनता, स्कूली विद्यार्थी अपने गांव में कैद होकर रह जाएंगे. विधायक गौरव सिंह पारधी के प्रयासों ने सरकार ने नाले पर पुल निर्माण के लिए 07 करोड़ 40 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है और टेंडर भी लग चुका है किंतु इस साल पुल का निर्माण संभव नहीं है. ऐसे में ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा. तिरोड़ी तहसील मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़क से संपर्क करने के लिए सिवनहेटी के ग्रामीणों को अब आए दिन 20 किमी. का लंबा सफर तय करना पड़ेगा. यह सफर ग्रामीण केवल अति आवश्यक कार्य के लिए ही पुरा करते है।

विधानसभा क्षेत्र कटंगी-खैरलांजी की तिरोड़ी तहसील का सिवनहेटी गांव जंगल के बीच में बसा है. इस गांव को तिरोड़ी से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर एक नाला बहता है जिसमें पुल नहीं है. जिस वजह से हर साल बारिश के मौसम में ग्रामीणों और स्कूली छात्र-छात्राओं को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. इस गांव के वाशिंदों अपनी जान जोखिम में डालकर कमर भर पानी से नाला पार कर आना-जाना करते है. कक्षा नवमी से बारहवीं तक अध्ययन करते वाले विद्यार्थियों कई दिनों तक स्कूल नहीं जा पाते. गांव में लगभग 2 सौ से अधिक परिवार निवास करते है और आबादी लगभग 1 हजार के आस-पास है. ज्ञात रहे कि सिवनहेटी गांव के ग्रामीणों ने सिवनहेटी से तिरोड़ी मुख्य मार्ग पर पड़ने वाले नाले में पुल का निर्माण नहीं होने पर वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार किया था. हालांकि विधायक के मुताबिक अब पुल निर्माण को स्वीकृति मिल चुकी है और टेंडर भी जारी हो चुका है शीघ्र ही पुल का निर्माण कार्य शुरू होगा।

## अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर किया पौधारोपण

### प्रकृति को हरा भरा, स्वच्छ वातावरण एवं जन उपयोगी पौधे लगाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

ग्राम जराहमोहगांव में बुधवार को राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस एवं मेघा मरठे के जन्मदिन के शुभ अवसर पर सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिरपुर के प्रबंधक आर पी मरठे फलदार और छायादार पौधों का पौधारोपण कर ग्राम, समाज, घर, परिवार को नया संदेश देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 3 जुलाई को अपने घर, परिसर व खेत की मेढ़ पर अपने बच्चों के द्वारा पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान प्रबंधक आर पी मरठे ने अपनी बिटिया मेघा मरठे के बर्थडे पार्टी पर कहा कि आज हम सभी सुविधाजनक और आसानी से उपलब्धता के चलते प्लास्टिक बैग का प्रयोग धडल्ले से कर रहे हैं। लेकिन हम यह नहीं समझ रहे हैं कि हमारी सुविधा पर्यावरण जैव विविधता के लिए कितनी घातक बनती जा रही है। हमें प्रकृति को बचाने व आने वाली पीढियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए प्लास्टिक बैग का प्रयोग कभी ना करने का संकल्प लेना होगा।



उन्होंने पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताएं कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मरठे परिवार हमेशा की तरह अपने प्रत्येक बच्चों के जन्म दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष फलदार और छायादार पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा एवं प्रकृति को हरा भरा रखने की जिम्मेदारी लेते हुए संकल्प लेता हैं। पौधों की हरियाली से घर परिसर भी सुंदर एवं मनोरम दिखाई देगा।

मरठे परिवार द्वारा पौधारोपण कर पौधों का जीवन में महत्व बताते हुए उपस्थितजनों से ज्यादा जनोपयोगी ऑक्सीजन देने वाले पौधे लगाने की अपील की गई। मेघा मरठे के दसवें जन्म दिवस के मौके पर प्रबंधक आर पी मरठे, श्रीमती रीता मरठे, संदीप मरठे, अंकित, विक्की, धीरज, नीरज हरदे, छबिकुमार मरठे, सीता, निकिता, हीना, येश्वर्या मरठे, मासूम मरठे, श्रीमती प्रभा खैरवार, नेहा बघेल, लुभांशी बघेल आदि ने नन्हीं बच्ची को शुभकामनाएं देते हुए दीर्घायु होने की कामना की।

## शिक्षक शाहजहाँ बेग की सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** म.प्र शिक्षक कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भाई शाहजहाँ बेग के 30 जून को सेवानिवृत होने पर ग्राम पौसेरा प्राथमिक शाला के प्रांगण में समस्त अध्यापकों द्वारा उन्हे 03 जुलाई को बिदाई दी गई जिसमें स्कूली बच्चे अध्यापक और ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही । अ ध्या प क राधेश्याम नारनौरे ने कहा कि बेग सर का जन्म ग्राम बिसोनी के एक कृषक एवं ठेकेदार परिवार में दिनाँक 01 जुलाई 1962 को हुआ उनकी पहली नियुक्ति 06/03/1986 को प्राथमिक शाला पौसेरा में हुई तब से लगभग 38 वर्षो तक लगातार यही पर सेवाएं प्रदान करते हुए 30/06/2024 को यही से सेवानिवृत हो रहे हैं। इस अवसर पर सरपंच कृष्णा पाँचे, संपत खरे, राधेश्याम नारनौरे, प्रतिमा मेश्राम, प्रेमलता घोरमारे, कमलेश भीमटे, अंकित मेश्राम, सी.एल रणदिवे, महेश उईके, सूर्यप्रकाश घोरमारे, आशा धारने, कुलदीप सोनवाने, रियाज शेख, मूलचंद मराठे, अरुणा चौधरी, कृतिमा भालाधरे, संजय वंशपाल, मिथलेश यादव, खेमराज कोठारे, गिरीश पारधी, दिलीप यादव, कमल यादव, रामप्रसाद पांचे, भरत यादव, सूरज यादव, दिलीप बाहे, गणेशराम मेश्राम, बालचंद पंचे, लालचंद मानकर, आत्माराम चौधरी, सीमा पाँचे, लता मेश्राम, पार्वती चौधरी, सुरेखा यादव, श्रीमती लीला खरे, सेवंती पाँचे, कुंती मरठे, बसंतीबाई, समुला बाई, सरिता पाँचे सहित अन्य ग्रामीणो की उपस्थिति रही।



### माध्यमिक शाला में 1 साल से रिक्त पड़े सभी शिक्षकों के पद

# भृत्य के भरोसे सेलवा गांव का सरकारी स्कूल



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

करीब तीन दशक पहले तक शिक्षा और बड़ी सरकारी नौकरियों के लिए जिले भर में विख्यात विकासखंड कटंगी के सेलवा गांव के गरीब बच्चे आज बेहतर शिक्षा को तरस रहे है. इस गांव के सरकारी स्कूल शासकीय माध्यमिक शाला में एक वर्ष से एक भी सरकारी शिक्षक नहीं है. भृत्य यानी चपरासी स्कूल की जिम्मेदारी संभाल रहे है. स्कूल की प्रधान पाठिका के सेवानिवृत्त होने के बाद से अब तक यहां अन्य शिक्षक की नई नियुक्ति नहीं हो पाई. बीते सत्र अतिथि शिक्षकों के भरोसे स्कूल संचालित हुआ. मगर, अभी नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हुए एक पखवाड़ा बीत चुका हे लेकिन अब तक अतिथि शिक्षकों की भर्ती भी नहीं हो पाई है. जैसा कि 18 जून से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है और अतिथि शिक्षकों की भर्ती के आदेश शासन से जारी नहीं हुए है. ऐसे में गांव की ही दो शिक्षित बेरोजगार महिलाएं और एक युवक ने अपने गांव के बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करने का बीड़ा उठाया है. वह बुधवार से स्कूल में अध्यापन का कार्य करवाने के लिए आ रहे है. परंतु यह कितने दिनों तक निरंतर और निशुल्क सेवाएं दे पाएंगे कह पाना मुश्किल है।

मिली जानकारी अनुसार शासकीय माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका श्रीमती बागड़े के सेवानिवृत्त होने के बाद शिक्षा विभाग ने अगस्त 2023 से इस स्कूल की जिम्मेदारी शासकीय प्राथमिक शाला सेलवा की प्रधान पाठिका संगीता पटले को दी है. जिसके बाद प्रधान पाठिका दोहरी चुनौतियों का सामना कर रही है. उनके पास शैक्षणिक कार्य के अलावा विभागीय कार्यों को भी समय पर पूरा करने का दबाव है. ऐसे में वह ना तो प्राथमिक स्कूल के अपने बच्चों को ठीक तरह से पढ़ा पा रही है और ना ही माध्यमिक स्कूल के बच्चों को समय दे पा रही है. उनका अधिकांश समय कार्यालयीन कार्यों में ही बीत रहा है. बताया जा रहा है कि दो दिन पहले तक माध्यमिक स्कूल की कक्षा 06 वीं के बच्चों को कक्षा 08 वीं के बच्चे पढ़ा रहे थे. बुधवार को गांव के एक युवक ने और गुरुवार से गांव की अन्य दो महिलाओं ने स्वेच्छा से स्कूल पहुंचकर बच्चों को पढ़ाना शुरू किया है. वहीं पूर्व में जिन अतिथि शिक्षकों की यहां नियुक्ति थी वह शासन के भर्ती के आदेश की राह देख रहे है।

विकासखंड कटंगी के शासकीय माध्यमिक शाला सेलवा की बदहाली को देखते हुए करीब 05 साल पहले तत्कालीन उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू के एक स्कूल के भाषण को याद करना जरूरी हो जाता है. उपराष्ट्रपति ने कहा था कि शिक्षा मात्र रोजगार का साधन नहीं है. उन्होंने कहा कि शिक्षा मनुष्य को सभ्य, परिष्कृत, और कुशल बनाती है तथा उसे समाज, समुदाय और देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठ और उत्तरदायी बनाती है. उपराष्ट्रपति ने तब छात्रों से कहा था कि एक समुदाय, समाज और राष्ट्र के नागरिक के रूप में सामाजिक और राष्ट्रीय हितों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता आवश्यक है- साथी नागरिकों, अपने सामाजिक परिवेश, अपने प्राकृतिक पर्यावरण के प्रति आपकी निष्ठा जरूरी है।

### अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग फ्री डे पर किया पौधारोपण, मनाया जन्मदिन

**कटंगी।** 03 जुलाई को दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक फ्री डे मनाया गया. इस मौके पर जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत जराहमोहगांव में मरठे परिवार ने प्लास्टिक फ्री वातावरण का निर्माण करने का संकल्प लेते हुए बच्ची का जन्मदिन मनाया और पौधारोपण किया. मेघा मरठे के जन्मदिन पर सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिरपुर में पदस्थ प्रबंधक आर.पी. मरठे ने अपनी बिटिया के साथ फलदार और छायादार पौधों लगाए. आर.पी. मरठे ने अपनी बिटिया के जन्मदिन पर संकल्प लिया है कि आज हम सभी सुविधाजनक और आसानी से उपलब्धता के चलते प्लास्टिक बैग का प्रयोग धड़ल्ले से कर रहे हैं लेकिन हम यह नहीं समझ रहे हैं कि हमारी सुविधा पर्यावरण जैव विविधता के लिए कितनी घातक बनती जा रही है. इसलिए प्रकृति को बचाने और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए प्लास्टिक बैग का प्रयोग कभी ना करने का संकल्प लिया।

### जपं उपाध्यक्ष अजय अवसरे एवं जनप्रतिनिधियों ने किया आयोजन

## सेवानिवृत्त सीईओ को जनप्रतिनिधियों ने दी भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज लांजी।

नगर के एक निजी होटल में जनपद पंचायत लांजी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शफी मोहम्मद कुरैशी की 3 जुलाई की देर शाम जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे द्वारा जनपद सदस्यों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं पत्रकारों सहित गणमान्यजनों की उपस्थिति में बिदाई समारोह आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है की जनपद पंचायत लांजी के सीईओ शफी मोहम्मद कुरैशी का 30 जून 2024 को अपनी शासकीय सेवा सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। इसके पूर्व सीईओ शफी मोहम्मद कुरैशी के सेवानिवृत्त होने पर 1 जुलाई को जनपद पंचायत लांजी के अधिकारियों-कर्मचारियों ओर जनपद क्षेत्र के सभी सचिव-जीआरएस द्वारा उन्हें सम्मान पूर्वक विदाई देने के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। सीईओ शफी मोहम्मद कुरैशी का जनपद पंचायत लांजी में मात्र 10 माह का कार्यकाल रहा परंतु इतने अल्प समय में भी श्री कुरैशी ने क्षेत्र के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित क्षेत्र के लोगों के बीच अपनी ऐसी अमिट छाप छोड़ी है कि सभी उनकी सेवानिवृत्ति पर भावुक दिखाई दिये। बिदाई कार्यक्रम में उपस्थिति अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा बारी बारी से श्री कुरैशी शॉल और श्रीफल देकर सम्मान किया गया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई। बिदाई समारोह के अंत में भव्य आयोजन के लिये श्री कुरैशी ने उपाध्यक्ष श्री अवसरे एवं जनप्रतिनिधियों से हृदय से आभार व्यक्त किया। बिदाई समारोह में उदबोधन देते हुए जनपद उपाध्यक्ष अवसरे ने कहा की कुरैशी में जरूरतमंदो तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने को लेकर उनकी प्रतिबद्धता अपनी जिम्मेदारी का पूरी तरह से निर्वाहन करने की उनकी कार्यशैली से हर कोई प्रभावित है। वहीं इस अवसर एसडीएम प्रदीप कौरव ने कहा की चूंकि वे इस विकासखंड के प्रशासनिक मुखिया है तो उनका कार्य हमेशा सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर जिला मुख्यालय को रिपोर्ट करना होता है। उदबोधन की कड़ी में एसडीओपी नघोरिया ने भी सीईओ श्री शफी के साथ चुनाव के दौरान मिले अतुलनीय सहयोग के लिये उन्हें धन्यवाद दिया और कहा की एसडीओपी के रूप में उनका कार्यक्षेत्र काफी बड़ा है।

# इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं का अम्बार

## साफ-सफाई, सुरक्षा व यहां बंद पड़ी मशीनों समेत अन्य व्यवस्थाओं की जांच की मांग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले में एक और जहां मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हो चुका है। वही 400 बिस्तर वाले इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय में अभी भी मरीज का समुचित उपचार नहीं हो पा रहा है। यहां डिलीवरी के लिए भर्ती महिला मरीजों के लिए जो आवश्यक जांच होने के लिए महिला डॉक्टर जांच रिपोर्ट मानती हैं उसके लिए पैथोलॉजी लैब में जांच के लिए रखी गई।**

सूत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय मे लगभग 6 मशीनों में से एक थायराइड की मशीन पिछले 15 दिनों से बंद पड़ी है। डिलीवरी के लिए भर्ती गर्भवती महिलाओं को इसकी जांच के लिए अब प्राइवेट पैथोलॉजी का सहारा लेना पड़ रहा है। गरीब परिवारों की महिलाओं के परिजनों को प्राइवेट पैथोलॉजी में थायराइड जांच के लिए जेब ढीली करनी पड़ रही है। इसके साथ ही आइसोलेशन वार्ड में हाथ-पैर की टूटी हड्डी वाले मरीज भर्ती हैं। जहां इस वार्ड के शौचालय में भी काफी गंदगी भरी पड़ी है। वहीं परिजनों को भी स्ट्रेचर धकेलने पड़ रहे हैं। इस मामले में वार्ड बॉय की कमी बताई जा रही है। मरीज व मरीजों के परिजनों को जिला अस्पताल में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां सुरक्षा व साफ-सफाई व्यवस्था भी दम तोड़ रही है।

### केमिकल हुआ खत्म

जिला अस्पताल स्थित पैथोलॉजी लैब में रखी गई थायराइड मशीन पिछले दो सप्ताह से बंद पड़ी है। थायराइड मशीन में जो केमिकल रीजेंट टेस्ट के लिए डाले जाते हैं वह खत्म हो चुका है। इसके लिए गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए महिला चिकित्सक थायराइड जांच के लिए लिखती हैं तो वह जांच यहां नहीं हो पा रही है। जिससे गर्भवती महिलाओं को अब प्राइवेट लैब में जाकर अधिक राशि खर्च करके रिपोर्ट लेना पड़ रहा है। इससे उनका समय और धन बर्बाद हो रहा है। लखनादौन सरकारी अस्पताल से रेफर हुई महिला को यहां भर्ती किया गया है लेकिन उक्त गर्भवती महिला की थायराइड जांच भी जिला अस्पताल में नहीं होने से वह परेशान है।



### एक दिन में होती है 300 जांच

जिला अस्पताल में जिले के सभी विकासखंड समेत आसपास के जिले के मरीज व गर्भवती महिलाएं भी यहां डिलीवरी के लिए भर्ती होती हैं। ऐसे में यहां एक दिन में लगभग 300 जांच होती हैं। पैथोलॉजी लैब में लगभग 150 मरीज की ओपीडी जो डायरेक्ट जांच के लिए यहां आते हैं और जिला अस्पताल में भर्ती मरीज आईपीडी मरीजों की संख्या भी लगभग 150 के आसपास रहती है। इस प्रकार लगभग 300 मरीज की पैथोलॉजी जांच जिला अस्पताल में होती है। ऐसे में थायराइड मशीन के बंद होने से सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं को उठानी पड़ रही है। इसके साथ ही थायराइड जांच के लिए आने वाले अन्य मरीज भी परेशान हो रहे हैं। वही भोपाल से मशीन के उपकरण व मशीन के केमिकल रीजेंट आते हैं जहां केमिकल खत्म होने की सूचना दिए जाने के बाद भी राजधानी भोपाल से अभी तक केमिकल नहीं पहुंचा है। 15 दिन से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बाद भी केमिकल नहीं आने से यहां मैरिज अब स्वास्थ्य कर्मचारियों पर भी वाद-विवाद करने पर उतारू हो रहे हैं। जिसके चलते जिला अस्पताल में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारी भी खासे परेशान हो रहे हैं।



जिला अस्पताल में स्थित पैथोलॉजी लैब में विभिन्न जांच के लिए 6 मशीन वर्तमान में हैं। जिसका संचालन साइंस हाउस प्राइवेट सेक्टर के द्वारा किया जा रहा है। यहां एक मशीन बीए 400 चालू है इस मशीन से लिवर, किडनी की जांच की जाती है। वहीं दूसरी मशीन सीसमैक्स है जिससे हीमोग्लोबिन, प्लेटलेट्स व अन्य जांच किया जाता है। साथ ही तीसरी मशीन एचबीए1सी है इस मशीन से 3 माह की शुगर लेवल जांच की जाती है। तथा चौथी मशीन यूरिन मशीन है इस मशीन से यूरिन शुगर, ब्लड, प्रोटीन, आरबीसी आदि की जांच की जाती है। वहीं 5वी मशीन पीटीआईएनआर मशीन है जिसके चलते क्लॉटिंग जांच व अन्य जांच किया जाता है। वर्तमान में पांचो मशीन सुचारू रूप से कार्य कर रही है। सिर्फ यहां एकमात्र 6वीं मशीन थायराइड की मशीन 15 दिन से बंद पड़ी है। जिससे थायराइड संबंधित कार्य पूरी तरह खत्म हो गया है। ऐसा नहीं की 15 दिन से बंद पड़ी थायराइड की मशीन की जानकारी जिला अस्पताल के सीएमएचओ समेत संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी को नहीं है उक्त जानकारी होने के बाद भी गर्भवती महिलाओं के की जांच ना हो अपने और उनकी परेशानी से यहां लगता है किसी को कोई सरोकार नहीं है जिसके चलते आर्थिक रूप से कमजोर गरीब तबके की महिलाएं को खासी दिक्कत हो रही है।

नवागत कलेक्टर संस्कृति जैन से मरीज व उनके परिजन यह आस लग रहे हैं कि जिला अस्पताल में साफ-सफाई, सुरक्षा व यहां बंद पड़ी मशीनों समेत अन्य व्यवस्थाओं की जांच की गुहार लगाई है। इस मामले में सिविल सर्जन डॉक्टर विनोद नावकर का कहना है कि थायराइड मशीन में प्रयुक्त होने वाला केमिकल जो समाप्त हो गया है। उसके लिए यहां प्राइवेट कंपनी के कर्ताधर्ता को कई बार बोला गया है और उनका कहना है कि एक-दो दिन में आ जाएगा लेकिन अभी तक नहीं आया है। पैथोलॉजी में स्थित जांच मशीनों के लिए मध्यप्रदेश शासन से प्राइवेट कंपनी का कॉन्ट्रैक्ट है जिसके चलते मशीन में आई खराबी व अन्य कमी वैसी सामानों की पूर्ति की जाती है यह सारा उन्हीं के द्वारा होता है। साफ सफाई का ठेका भी प्राइवेट को दिया गया है वह वार्ड बाय की कमी भी काफी ज्यादा है जिसके चलते मरीजों को लाने ले जाने के लिए कई बार उनके परिजन ही स्ट्रेचर मजबूरी में धकेलते हैं।

# चूहा मार जहर के सेवन से 2 माह पहले शादी हुई नव विवाहिता की मौत

**ससुराल में पति और ससुर की प्रताड़ना से परेशान नव विवाहित ने चूहा मार जहर का सेवन कर लिया। जहां जिला अस्पताल में उसके उपचार के दौरान बुधवार को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कर सर्व परिजनों को सौंप दिया है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नव विवाहित सरिता पति जितेंद्र गौतम (27) साल का विवाह पिछले दो महीने पहले हुआ था। यहां परिजनों ने आरोप लगाते बताया कि सविता को ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर रहे थे जिसके चलते सविता ने जून को चूहा मार जहर का सेवन कर लिया। जिससे जिसकी तबीयत खराब होने पर परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां बुधवार को सविता की मौत हो गई इस मामले में सविता के भाई ने आरोप लगाते बताया कि सविता के पति व ससुर दहेज की मांग कर रहे थे। सविता का विवाह पिछले दो महीने पहले ही हुआ था। तबीयत खराब होने पर ग्राम अंतरा बरघाट से सविता को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था सविता का मायका खुर्सीपार काला बोरी बरघाट का बताया जा रहा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## आज मुख्यमंत्री लाडली बहना, किसाना कल्याण योजना तथा गैस रिफिल अनुदान राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से करेंगे अंतरण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुक्रवार 05 जुलाई को टीकमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से ₹लाडली बहना योजना₹ की लाभार्थी महिलाओं को 1250 रूपये की 14वीं किस्त की राशि अंतरित की जाएगी। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की प्रथम किस्त, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के एलपीजी गैस कनेक्शन जारी उपभोक्ता तथा गैर पीएम उज्जवला योजना श्रेणी में लाडली बहना के हितग्राहियों को माह मार्च 24 के लिए देय गैस रिफिल अनुदान राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम के परिपेक्ष्य में जिले में भी जिले स्तर, विकासखंड स्तर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ-साथ ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को वेबकास्ट लिंक **https://webcast.gov.in/mp/cmevnts** के माध्यम से देखा व सुना जा सकेगा।

## बिहिरिया जमुनिया महुआ टोला पहुँचमार्ग को लेकर 6 जुलाई से 24 घंटे का सत्याग्रह युवा कांग्रेस करेगी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पिछले 10 15 वर्षों से लगातार ग्राम बिहिरिया जमुनिया एवं मट्ठा टोला पहुँचमार्ग के लिए ग्रामवासी लगातार सड़क मार्ग की मांग करते चले आ रहे हैं लेकिन प्रतिवर्ष इस सड़क की अवहेलना की जाती है और अब हालात बद से बदतर हो चुके हैं अब इंसान तो दूर जानवर भी इस सड़क मार्ग पर बरसात के समय या 12 महीने जाने में कतराते हैं कई फीट गहरे गहरे गड्ढे इस सड़क मार्ग पर हो चुके हैं अनेकों दुर्घटनाएं रोजाना देखने को और सुनने को मिल रही हैं इससे संपूर्ण ग्रामीण में रोज है पूर्व में भी लगातार प्रशासन को जनप्रतिनिधियों को इस सड़क मार्ग को बनाने के लिए पत्राचार से एवं व्यक्तिगत मिलकर कई बार ज्ञापन दिए गए लेकिन ग्रामीणों को सिवाय आश्वासन के कुछ भी नहीं मिला है जहाँ एक ओर जनप्रतिनिधि वोट लेने के समय बड़े बड़े वादे करके जाते हैं लेकिन चुनाव के बाद अपने वादों को भूल जाते हैं साथ प्रशासन भी गहरी नींद में सोते रहता है इसलिए उन जनप्रतिनिधियों की को उनका वादा याद दिलाने सोए हुए प्रशासन को नींद से जगाने कुछ दिवस पूर्व ही ग्रामीणों द्वारा माननीय कलेक्टर महोदय को ज्ञापन देकर यह अवगत कराया गया था की अगर 5 जुलाई तक इस सड़क मार्ग को बनाने के लिए कोई भी प्रस्ताव नहीं लाया गया तो ग्रामवासी युवा कांग्रेस के साथ 24 घंटे का सत्याग्रह करने में विवश होंगे युवा कांग्रेस एवं समस्त ग्रामीणों के साथ मिलकर दिनांक 6 जुलाई 2024 को सुबह 11:00 से लगातार 24 घंटे का सत्याग्रह प्रारंभ करेगी।

# पैसे के लेनदेन से परेशान होकर महिला ने की खुदकुशी

**जिले के बरघाट में एक महिला के द्वारा कथित तौर पर कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मामले की विवेचना कर रहे बरघाट थाने के ऐस आई श्रीचंद मरावी ने बताया कि मनीषा नागेश्वर निवासी बरघाट टोला ने महिला समूह को लोन दिलवाया था तथा बरघाट टोला की कुछ महिलाओं के समूह से मृतक मनीषा नागेश्वर का पैसे का कुछ लेनदेन था।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

बिट्टू जख्म (योगेश)



जिस कारण मनीषा नागेश्वर काफी दिनों से मानसिक रूप से परेशान रहती थी जिस कारण महिला ने तंग आकर आत्महत्या कर ली जब हरिभूमि टीम ने पूरे मामले की समीक्षा की और बरघाट टोला निवासी महिलाओं से इस संदर्भ में पूछा गया तो बरघाट टोला निवासी महिलाओं ने बताया कि मनीषा नागेश्वर के द्वारा हमें लोन दिलवाया गया था एवं उस लोन के पैसे को अपने बिजनेस में लगाने की बात कहकर मनीषा ने हमसे वापस ले लिया था तत्पश्चात जब हमने मनीषा नागेश्वर से पैसे वापस मांगे तो मनीषा के द्वारा पैसे आज लौटा दिए जाएंगे कल लौटा दीये जाएंगे।

कहकर बात को टाला गया जब लोन की रिकवरी करने वाले एजेंट महिलाओं के घर बार-बार आने लगे तब महिलाओं के द्वारा मनीषा नागेश्वर से थोड़ी शक्ति से पैसे की मांग की गई जिस पर मनीषा के द्वारा महिलाओं को आत्महत्या करने की धमकी दी गई जिसकी शिकायत महिलाओं के द्वारा बरघाट थाने में दर्ज है एवं 181 सीएम हेल्पलाइन में भी महिलाओं के द्वारा मनीषा नागेश्वर की शिकायत की गई है जिससे आत्महत्या का कारण स्पष्ट रूप से हम सभी के समक्ष है की मनीषा नागेश्वर के द्वारा समूह की महिलाओं से पैसे का लेनदेन था जिसे चुकाने में मनीषा नागेश्वर असमर्थ थी जिस वजह से मनीषा के द्वारा आत्महत्या जैसे आत्मघाती कदम उठाया गया।

मनीषा नागेश्वर के द्वारा 30 जून 2024 एवं एवं 1 जुलाई 2024 के मध्य रात्रि में आत्महत्या की गई है हम आपको यहां ये बताना चाहते हैं कि कुछ दिन पहले इसी तरह का एक मामला हरिभूमि के संज्ञान में आया था जिस मामले को हरिभूमि ने गंभीरता से उठाया था मामला बरघाट थाना अंतर्गत ग्राम जाबरकाठी का था इस ग्राम में भी एक महिला के द्वारा समूह की कुछ महिलाओं को लूटा गया है

### समूह की महिलाओं के द्वारा कलेक्टर से आज मांगी जाएगी इच्छा मृत्यु

हरिभूमि टीम से बात करते हुए समूह की महिला सरोज गोमेश्वर सहित अन्य ने बताया कि उक्त लोन जो हमने मनीषा नागेश्वर के द्वारा बैंक से लिया था उस लोन के पैसे को क्योंकि हमने मृतक मनीषा को ही दे दिया था लेकिन मृतक मनीषा के द्वारा हमें पैसे वापस नहीं किए गए इसलिए हम लोन के पैसे चुकाने में असमर्थ है क्योंकि हम सभी महिलाएं मजदूर वर्ग से आते हैं रोज लाते हैं रोज कमाते खाते हैं और लोन की राशि अधिक है जिसका बोझ हम नहीं सह सकते महिलाओं ने आगे कहा कि हम जिला अधिकारी श्रीमान कलेक्टर महोदय जी से 5 जुलाई 2024 दिन शुक्रवार को इच्छा मृत्यु की मांग करेंगे क्योंकि उक्त लोन चुकाने में हम सभी असमर्थ हैं किसी तरह हम लोग मजदूरी करके अपने बच्चों का पालन पोषण करते हैं

पुलिस ने इस मामले में अभी किसी के विरुद्ध कोई मामला कायम नहीं की है ऐस आई श्रीचंद मरावी की इस मामले में अभी विवेचना जारी है

मनीषा नागेश्वर के पति किसी बीमारी के चलते पहले ही खत्म हो चुके थे मनीषा ने अपने पीछे अपनी एक बेटी जिसकी उम्र लगभग 12 साल है उसे इस दुनिया से छोड़कर चली गई।

## कलेक्टर ने किया शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण






**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने बुधवार को कुरई विकासखंड के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण किया। कलेक्टर सुश्री जैन ने जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं के साथ-साथ विभागीय गतिविधियों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सुश्री जैन ने एसडीएम ऑफिस के निरीक्षण के दौरान कार्यालयीन व्यवस्थाओं के साथ-साथ राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति का अवलोकन करते हुए राजस्व न्यायालय में दर्ज प्रकरण,आज की पेशी तथा प्रकरणों में संलग्न पटवारी प्रतिवेदन सहित अन्य दस्तावेजों का अवलोकन किया।

# ऑटोमोबाइल सेक्टर के विद्यार्थियों ने प्राप्त की मारूति सुजुकी अधिकृत सर्विस सेंटर में ऑन जॉब ट्रेनिंग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्राचार्य आईटीआई कॉलेज छपारा नलिन तिवारी ने बताया कि ऑटोमोटिव उद्योग में तकनीकी तरीकों में निरन्तर परिवर्तन के कारण कार वर्कशॉप में **OJT** महत्वपूर्ण है। उद्योगों के लिए कुशल जनशक्ति तैयार करने का दायित्व तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विभाग के अंतर्गत संचालित आईटीआई कॉलेज का है। इन्हीं उद्देश्यों की प्रतिपूर्ति के लिए आईटीआई के विद्यार्थी प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत विभिन्न शासकीय व अशासकीय उद्योगों में नियोजित होते हैं। उद्योगों से अनुकूलता प्रदान करने के उद्देश्य से ही कॉलेज अपने विद्यार्थियों को ऑन जॉब ट्रेनिंग करवाता है। जिससे विद्यार्थी उद्योगों की कार्यप्रणाली व नवीन तकनीक से अवगत होते हैं एवं स्वयं प्रायोगिक तौर से प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं और कार्य संस्कृति से अवगत होते हैं। व्यवसाय प्रशिक्षण अधिकारी नीरज उइके के कुशल मार्गदर्शन में उक्त प्रशिक्षण निष्पादित हुआ। जहां सर्विस सेंटर के संचालक श्री सुधीर कौशिक के निर्देशन पर सेंटर के सुपरवाइजर श्री सुशील भलावी तथा हेड मैकेनिक आनंद ठाकुर ने विद्यार्थियों को ऑटोमोबाइल प्रौद्योगिकी में उन्नत तकनीक जैसे



हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों में इलेक्ट्रानिक प्रणालियों की कंप्यूटराइज्ड समस्या को समझना और इसका निदान करना

ग्राहकों से संवाद कर वाहन/इंजन से संबंधित समस्याओं को समझना,इंजन की कार्यप्रणाली,वाहन के कूलिंग सिस्टम,सस्पेंशन सिस्टम ,गियर, ब्रेक, फ्यूल सप्लाई सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक सेंसर सिस्टम, **OBD** स्कैन टूल का उपयोग कर एरर ढूंढना,बीएस **VI** एग्जास्ट सिस्टम, **DPF** सेंसर, व्हील अलाइनमेंट,हाईटेक उपकरणों के विषय में छात्रों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा इंडस्ट्री में सुरक्षा तथा सावधानियों के बारे में बताया। ऑटोमोबाइल सेक्टर की तकनीकी से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान को सूक्ष्मता से समझाया गया। कॉलेज छात्र अयान ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें इस भ्रमण से जानकारी प्राप्त हुई कि बीएस 6 वाहनों में किस प्रकार प्रदूषण में कमी लायी जाती है, साथ ही बीएस 4 व बीएस 6 में अंतर समझ आया। छात्र गजानन ने इस भ्रमण को बहुत ही उपयोगी बताते हुए कहा कि उन्होंने तकनीकी समस्या को पहचानकर उसका निदान, विभिन्न प्रकार के हाइड्रोलिक एवं पावर टूल से करना सीखा। आईटी ऑफिसर संजय उईके ने बताया कि संस्था निरन्तर छात्र -छात्राओं के हित के लिए प्रयासरत रहती है।

# मकान का मटेरियल नाली में, घर में घुस रहे सर्प, 181 में पहुंची शिकायत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अंधी बहरी हो चुकी नगर पालिका के चलते अब आमजनों को समस्या से निराकरण नहीं मिल पाने पर लोगों को 181 में शिकायत करने मजबूर होना पड़ रहा है। बारिश का पानी नाली, नालों में जमा न हो व बारिश का पानी आगे सुचारू रूप से बह सके इसके लिए बारिश के पहले ही नाली और नालों की सफाई तो की जाती है लेकिन बारिश के दिनों में जिले के अनेक वार्डों में इन दोनों भवन निर्माण का भी काम चल रहा है ऐसे में भवन निर्माण के लिए लगने वाले मटेरियल बजरी, गिट्टी, रेट, ईट सड़क नाली के किनारे पर ही रखे जाने से बारिश का पानी नाली से बाहर नहीं पा रहा है। भवन निर्माण के आसपास रहने वाले रहवासी खासे परेशान हैं। इस मामले में शिकायत किए जाने के बाद भी न ही नगर पालिका अध्यक्ष इस और ध्यान दे रहे हैं और ना ही नगर पालिका अधिकारी। पीड़ितजनों ने इस समस्या के निराकरण के लिए अब कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन से गुहार लगाई है। नगर के जबलपुर रोड स्थित अकबर वार्ड के प्रेम नगर कॉलोनी में यहां एक खाली प्लाट में मकान का निर्माण कार्य किया तो जा रहा है लेकिन मकान निर्माण में प्रयुक्त सामग्री रेत, बजरी, गिट्टी आदि सड़क के किनारे की पक्की नाली में समा गई है।



इस मामले में रहवासियों ने बताया कि नाली चोक हो जाने से घरों से निकलने वाला गंदा पानी व बारिश का पानी आगे नहीं बह पा रहा है और लोगों के घरों में घुस रहा है। इसके साथ ही पानी जमा होने से विषैला सांप व कीड़े नाली से निकलकर आसपास के घरों में जा रहे हैं जिससे लोगो में भयभीत भी बना है। प्रेम नगर कॉलोनीवासियों ने इस मामले की शिकायत नगर पालिका प्रशासन से की लेकिन इस मामले में ना तो वार्ड पार्षद कुछ कर पा रहे हैं और ना ही नगर पालिका अधिकारी-कर्मचारी। समस्या के निराकरण नहीं होने पर क्षेत्रवासियों ने 181 में शिकायत कर दी है।




# जन्म- मृत्यु पंजीयन तथा नवीन पोर्टल संचालन को लेकर अधिकारियों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला योजना अधिकारी सिवनी श्री मरावी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि भारत के महारजिस्ट्रार नई दिल्ली द्वारा जन्म-मृत्यु कार्य से संबंधित संशोधित पोर्टल प्रारंभ किया गया है। जिसके संबंध में आयुक्त, आर्थिक एवं सांख्यिकी एवं जनगणना कार्य निदेशालय, मध्य-प्रदेश के निर्देशानुसार कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार 04 जुलाई को जन्म-मृत्यु पंजीयन के संबंध में जन्म-मृत्यु संशोधन अधिनियम 2023 एवं CRS Revamped Portal - dc.orgi.gov.in विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला योजना अधिकारी, एवं जिला रजिस्ट्रार श्री एस.आर.मेरावी द्वारा नवीन पोर्टल में जन्म मृत्यु पंजीयन कार्य में आने वाली कठिनाईयों के संबंध में अवगत कराया गया। जनगणना कार्य निदेशालय, मध्यप्रदेश के भूपेन्द्र श्रीवास्तव सहायक निदेशक एवं उनके सहयोगी शुभम जैन द्वारा जन्म-मृत्यु संशोधन अधिनियम 2023 एवं CRS Revamped Portal पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिले के समस्त शासकीय चिकित्सा संस्थानों एवं रजिस्ट्रार उनके सहयोगी, समस्त नगरीय निकायों के रजिस्ट्रार एवं उनके सहयोगी, जनपद पंचायत मास्टर ट्रेनर्स एवं कुछ प्राइवेट चिकित्सालयों के सूचनादाता मौजूद रहे। इनके साथ संशोधित अधिनियम 2023 एवं CRS Revamped Portal पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण के मुख्य बिंदुओं में अधिनियम लागू होने वाली 01.10.2023 के बाद पैदा हुये बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य कर दिया



गया है, जो बच्चे से संबंधित बनाये जाने वाले अन्य दस्तावेजों जैसे आधार, पैन, मतदाता सूची का अद्यतन, ड्राइविंग लाइसेंस, सरकारी नौकरियों में ज्वानिंग एवं अन्य नागरिक सुविधाओं को प्राप्त करने का एक मात्र प्रमाण पत्र होगा। चिकित्सा संस्थानों में हुई प्रत्येक मृत्यु का मृत्यु के कारणों का चिकित्सीय प्रमाणीकरण संबंधित संस्थान के चिकित्सक द्वारा दिया जाना अनिवार्य होगा। उसकी एक प्रति संबंधित रजिस्ट्रार एवं दूसरी प्रति निकटतम संबंधी को निःशुल्क दिया जायेगा। CRS Revamped Portal में आम नागरिकों द्वारा मोबाइल ओटीपी के माध्यम से जन्म-मृत्यु की सूचना घटित घटना के स्थान से संबंधित रजिस्ट्रार को ऑनलाईन प्रेषित की जा सकेगी एवं रजिस्ट्रार द्वारा सत्यापन कर प्रमाण पत्र जारी किया जा सकेगा। जो सूचनादाता द्वारा उल्लेखित ई-मेल आई.डी. पर प्राप्त हो जायेगा एवं कभी भी डाउनलोड किया जा सकेगा है।

## खबर संक्षेप

### समर्थन मूल्य पर मूंग व उड़द के लिए गोंगलई उपार्जन केंद्र बनाया

**बालाघाट।** ग्रीष्मकालीन मूंग व उड़द के उपार्जन के लिए जिला उपार्जन समिति ने गोंगलई कृषि मंडी में उपार्जन केंद्र बनाया है। समर्थन मूल्य पर किसान 31 जुलाई तक विक्रय कर सकेंगे।

### लाड़ली बहना लाभ प्रदाय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आज

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को टीकमगढ़ के छिपरी से सिंगल क्लिक के माध्यम से लाडली बहना योजना के तहत बहनाओ की मासिक राशि अंतरित करेंगे। साथ ही वे स्थानीय जिले के किसान सम्मान निधि, उज्वला योजना व पेंशन योजना अंतर्गत अनुदान राशि हितग्राहियों के खातों में अन्तरित करेंगे।

### मृतक के परिवार को 4 लाख रुपये की सहायता राशि हुई स्वीकृत

**बालाघाट।** एसडीएम कटंगी मधुवंत राव धुर्वे ने आरबीसी 06-04 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा में आकस्मिक रूप से हुई मृत्यु पर सहायता राशि स्वीकृत की है। 2 मई 2024 को कटंगी तहसील के ग्राम खजरी की निवासी शकुन्तला पंवार की कुँए के पानी मे डूबने से हुई मृत्यु पर उनके वारिस पुत्र किसनलाल पंवार को 04 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### शासकीय हाईस्कूल खुरसोड़ी में अतिथि शिक्षक वर्ग 2 के लिए आवेदन आमंत्रित

**बालाघाट।** बालाघाट विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल खुरसोड़ी में अतिथि शिक्षक वर्ग 2 के एक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किये गए है। जिसके लिए योग्यता बीए अंग्रेजी विषय सहित बीएड होना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक अपने समस्त दस्तावेज अंतिम रूप से 8 जुलाई तक खुरसोड़ी हाईस्कूल में जमा करा सकते है।

### जून माह में जिले में 6 इंच से अधिक वर्षा हुई

**बालाघाट।** भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जून में जिले की 11 तहसीलों में कुल औसत वर्षा 158.1 मिमी वर्षा हुई है। अगर इंच में बारिश देखें तो जून माह में 6 इंच से अधिक वर्षा हो चुकी है। तहसीलवार बारिश की स्थिति जाने तो अब तक सबसे अधिक वर्षा बिरसा तहसील में 8 इंच से अधिक यानी 256.6 मिमी हुई है।

## टवेझरी से मंझारा के बीच पुल निर्माण को प्राथमिकता दे

# विधायक भगत ने विधानसभा में विभिन्न मुद्दों को उठाया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के अंतर्गत परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने बालाघाट विकासखंड के अंतर्गत आने वाले कन्हडगांव से बम्हनी के मध्य जर्जर सड़क का मुद्दा उठाकर इसे पुनर्निर्माण किये जाने की मांग रखते हुए कहा कि यहां से प्रतिदिन 5 से 10 गांवों के ग्रामीण जनों का आवागमन होता है। सड़क खराब होने से अनेक तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिये इस सड़क को बनाया जाना अतिआवश्यक है। ताकि ग्रामीण जनों को होने वाली परेशानियों से बचा जा सकें।

इसी तरह से क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से आमजनता को हो रही विभिन्न तरह की परेशानियां एवं छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में भी इससे अनेक तरह की कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। शून्य काल सूचना क्रमांक 2 के अंतर्गत उठाये गये मुद्दे में कहा गया कि बालाघाट जिले में समस्त गांवों में अघोषित बिजली कटोती की जाती है। हर 15-20 में बिजली बंद हो जाती है जो 2-3 घंटों तक बंद रहती है। इससे जनता को अपने कार्यो के संचालन में परेशानियां जाती है। परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के अनेक टोलो में विद्युतीकरण कार्य नहीं किया गया है। जिसके कारण आज भी अंधेरे में जीवन बीताना पड़ता है। अतः विद्युत कटौती बंद की जाये, किसानों को समय पर बिजली उपलब्ध कराई जाये और हर गांव में बिजली की सुविधा उपलब्ध कराई जाये।



विधायक भगत ने विभिन्न विभागों के दैनिक वेतन भोगियों के सेवा वर्गीकरण किये जाने के संबंध में भी अपनी बात रखते हुए कहा कि इन कर्मचारियों को वर्गीकृत नहीं किये जाने से यह उचित लाभ से वंचित है। वर्गीकरण नहीं करने के क्या कारण है। इसके लिये कौन अधिकारी जिम्मेदार है उपरोक्त सारी बातों की विस्तार के साथ जांच की जाये। ताकि विभागों में कार्यरत कर्मचारियों से नियमितीकरण, पेंशन प्रकरण अन्तर की राशि का भुगतान एवं अन्य कई प्रकार के लाभ प्रदाय से यह कर्मचारी भी लाभन्वित हो सके। आखिर यह कर्मचारी भी अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय सरकारी सेवा में देते है फिर इन्हें नियमित कर्मचारी की तरह सुविधायें क्यों नहीं उपलब्ध कराई जाती।

इसी तारतम्य में विकास वन बालाघाट के अंतर्गत ग्राम टवेझरी से मंझारा के मध्य छोटा पुल होने से ग्रामीणजनों को आवागमन में असुविधा होती है, थोड़ी सी बारिश में यहां बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाती है जिससे आवागमन अवरूद्ध होता है एवं दुर्घटना की भी संभावनायें बन जाती है। यहां पर अगर बडे पुल का निर्माण होता है तो पानी निकासी का मार्ग आसान हो जायेगा और बाढ़ की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी।

विधायक भगत के अनुसार ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग सहित जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं आदि कई विभागों के अंतर्गत कार्यरत सेवानिवृत्त मृत दैनिक वेतन भोगियों स्थाई कर्मियों के रूप में 1998 के पूर्व से कार्यरत रहते हुए अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण उपरांत सेवानिवृत्त हुए है उनके द्वारा राज्य शासन को अपनी अमूल्य सेवायें प्रदान की जाये परन्तु आज तक उनकी जायज मांगों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया है। कर्मचारियों के नियमितीकरण पेंशन प्रकरण अंतर राशि का भुगतान एवं कई प्रकार के लाभ प्रदाय नहीं किये गये है। अतः उन्हें नियमित कर्मचारियों की तरह वह सब सुविधा प्रदान की जाये जो नियमानुसार उनके हित में उचित है।



## कृषि स्थायी समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला पंचायत भवन के सभाकक्ष में सभापति टामेश्वर पटले की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कृषि स्थाई समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सहकारिता विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, आत्मा समिति, जिला सहकारी बैंक, कृषि उपज मंडी समिति, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि अभियांत्रिकी विभाग एवं कृषि से संबंधित अन्य विभागों की योजनाओं की जानकारी, लक्ष्य पूर्ति एवं विभागीय कार्यो के साथ खरीफ-2024 की गतिविधियों की समीक्षा की गयी। बैठक में श्री झामसिंह नागेश्वर द्वारा सर्राठी जलाशय ग्राम तेकाडी (लालबर्रा) अंतर्गत मत्याखेट के लिये प्रस्तावित वरूण मछुआ सहकारी समिति मर्या. लालबर्रा को अनुसंशा प्रदाय किये जाने के संबंध में अवगत कराया गया। वहीं खरीफ-2024 के लिये खाद एवं बीज की उपलब्धता की समीक्षा की गयी। कृषकों को डीएपी का उपयोग कम कर जैविक खाद (जैविक खेती) का उपयोग करने हेतु सलाह देने संबंधी चर्चा की गयी, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु कैंपेन आयोजित करने के संबंध में चर्चा की गयी। इसके साथ ही फसल चक्रीकरण के संबंध में चर्चा की गयी। जिसमें सिंघाड़े को बड़ावा देने के संबंध में अवगत कराया गया। फसल विविधिकरण के संबंध में रागी की फसल को प्रत्येक किसान के कम से कम एक खेत में रागी लगाये जाने के संबंध में चर्चा की गयी। उप संचालक कृषि द्वारा अवगत कराया गया कि रागी धान की तरह ही लगायी जाने वाली फसल है जिसका उत्पादन धान के जितना ही होता है परन्तु धान की अपेक्षा लगभग दुगुनी कीमत पर बिकता है जिससे कृषकों की आय में वृद्धि होगी तथा रागी फसल की विशेषताओं के संबंध में विस्तार से अवगत करया गया।

आचार्य विघासागर योजना/ प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना/ उन्न्त कृषि यंत्र अनुदान योजना/ कस्टम प्रोसेसिंग योजना/ पशुधन बीमा योजना आदि योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। श्रीमति केशर बिसेन द्वारा कटंगी में पशु विभाग के कार्यालय में बाउड्री नहीं है बाउंड्री निर्माण करवाये जाने के संबंध में अवगत कराया गया। झामसिंह नागेश्वर द्वारा अवगत कराया गया कि लालबर्रा में पशु चिकित्सालय हेतु भवन उपलब्ध नहीं है, जिस पर प्रभारी उप संचालक श्रीमती पूजा रोड़गे द्वारा जानकारी दी गयी कि इस संबंध में वरिष्ठालय को पत्र प्रेषित किया जा चुका है। सभापति द्वारा कृषि विभाग से संबंधित समस्त कार्यक्रमों में सभापति/सदस्यों को बुलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा अवगत कराया गया कि प्रोटोकॉल का पालन किया जावे। सभापति द्वारा अवगत कराया गया कि विघुत विभाग द्वारा मेंटेनेंस कार्य नहीं होने से हल्की-फुल्की बरसात में भी तार/खम्बे गिर जाते है।

## शासकीय महाविद्यालय हट्टा में दीक्षारंभ समारोह का हुआ सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए अभिप्रेरण हेतु तीन दिवसीय(1 जुलाई - 3 जुलाई 2024) दीक्षारंभ समारोह का आयोजन कराया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि श्री फूलचंद सहारे (जनपद अध्यक्ष) ,श्री उमेश सोनेकर (सरपंच ग्राम पंचायत हट्टा) तथा श्री वीरेंद्र बिसेन (उप सरपंच ग्राम पंचायत हट्टा) की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक मनाया गया कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य श्री मुकेश बिसेन के स्वागत भाषण ,संस्था परिचय व विजन संबंधी उद्बोधन द्वारा हुआ। तत्पश्चात सभी अतिथियों द्वारा नव प्रवेशित छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अनुशासन व ईमानदारी से मेहनत करने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम अतिथियों को परिसर का अवलोकन कराया गया एवं लघु फिल्म के माध्यम से महाविद्यालय के शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ का परिचय व संकाय की जानकारी दी गई।



कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में विद्यार्थियों को शासकीय योजनाओं, कैरियर परामर्श व खेल ० स्वास्थ गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन दिवस में संवेदीकरण एवं जागरूकता संबंधी कार्यक्रम जैसे महिला सशक्तिकरण, सूचना का अधिकार अधिनियम व साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर जानकारी देते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही इस तीन दिवसीय समारोह का समापन किया गया। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन में संस्था के प्राचार्य, समस्त शैक्षणिक ०गैर-शेक्षणिक स्टॉफ तथा पूर्व प्रवेशित छात्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ़ विमेन के अंतर्गत बाल अधिकारों की दी जानकारी

**बालाघाट।** हब फॉर एमपावेरमेंट ऑफ़ वुमन के 100 दिवसीय चलने वाले कार्यक्रम के तीसरे सप्ताह में भारतीय न्याय संहिता में बच्चो से जुड़े उपबंध के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रशांत दीप सिंह ठाकुर, हब नोडल श्रीमती दीपमाला मंगोडिया के नेतृत्व में ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल में गुरुवार को बाल अधिकार, बाल अपराध, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 के बारे में विस्तृत चर्चा की गई । शॉर्ट मूवीज के माध्यम से बाल तस्करी, साइबर अपराध, साइबर बुलीइंग, साइबर ग्रूमिंग एवं साइबर फिशिंग के बारे में छात्र छात्राओं को अवगत कराया गया।



## सागौन प्रजाति की चिरान 31 नग जप्त, हुई कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 3 जुलाई को उपवनमंडलाधिकारी महोदय उकवा (सा०) द्वारा जारी सर्च वारंट क्रमांक 4150 दि0. 03/07/24 के द्वारा सुरजीत दमाहे निवासी बुढ़ियागांव के मकान तलाशी कर मकान से सागौन प्रजाति की चिरान कुल 31 नग =0.222 घन०मी० जप्त कर पी०ओ०आर०क्र0 2512/87 दि० 03/07/24 के द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में दिनेश कुमार बारिये (उपवनक्षेत्रपाल), रौशन लाल पड़वार (उपवनक्षेत्रपाल), वनरक्षक श्रीमती दिशा दमाहे, नीरज खटीक, हिमांशू डहरवाल, सुरेंद्र कुमार रंगारे वाहन चालक मो० साजिद कुरैशी एवं अन्य वनकर्मी व सुरक्षा श्रमिकों विशेष योगदान रहा।

## बीते दिनों स्थानीय रहवासियों ने की थी मरम्मत, हालत जस की तस

# सावधानः तिरोड़ी रेलवे ओवर ब्रिज हुआ क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तिरोड़ी-खवासा मुख्य सड़क मार्ग पर रेलवे और एमपीआरडीसी के द्वारा बनाए गए रेलवे ओवर ब्रिज की सड़क फिर से क्षतिग्रस्त हो गई है. बीते दिनों इस क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा करवाई गई थी लेकिन अब हालत फिर से जस के तस हो गई है. बताना जरूरी है कि रेलवे ओवर ब्रिज के एक्सपेंशन ज्वाइंटस (तापीय विस्तार जोड़) में लगातार गेप (दूरी) बढ़ते जा रहा है. मौजूदा वक्त में ब्रिज के एक्सपेंशन ज्वाइंट की दूरी इतनी है कि यहां आसानी से पैदल चलने वाले राहगीर का पैर फंस सकता है. वहीं ओवर ब्रिज की सड़क की हालत भी काफी खराब है. जिससे सड़क हादसों का खतरा भी बना हुआ है. वाहन चालकों की माने तो ब्रिज की सड़क भी नीचे धसक रही है. रेल अफसरों के साथ ही एमपीआरडीसी के अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है. लेकिन दोनों ही विभाग के जिम्मेदार अधिकारी हमेशा से ही उदासीन रवैया अपनाएं हुए है।

उल्लेखनीय है कि ब्रिज और सड़क निर्माण के दौरान रेलवे और एमपीआरडीसी के ठेकेदारों ने गुणवत्ता और मापदंडों की अनदेखी की. रेल अफसरों के ब्रिज का निर्माण शीघ्र पूरा कराने दबाव में निम्नस्तरीय निर्माण कार्य किया गया. जिसके चलते ब्रिज में समय से पूर्व ही दरारें आने लगी थी और एक्सपेंशन ज्वाइंटस की दूरी बढ़ गई. तिरोड़ी के ग्रामीण बताते है कि ब्रिज के निर्माण के दौरान अर्थवर्क (मिट्टी के काम) में कम्प्रेशन (दबाव) का काम भी नहीं किया गया. जिस वजह से ब्रिज के ऊपर बनी सड़क में भारी वाहनों का आवागमन शुरू होते ही सड़क उखड़ने लगी थी. तब से शुरू हुआ यह सिलसिला आज तक थमने का नाम नहीं ले रहा है. रेलवे और एमपीआरडीसी के अधिकारी समय-समय पर क्षतिग्रस्त हालत को छिपाने के लिए मरम्मत का लेप लगाते है. बताया जा रहा है कि ब्रिज निर्माण के दौरान मिट्टी डालकर बेलन चलाया गया और सीधे निर्माण शुरू कर दिया गया है जबकि नियमानुसार अर्थवर्क के बाद बेस यानि की मिट्टी का दबाव सहीं तरीके से हुआ है या नहीं इसका परीक्षण किया जाता है. अर्थवर्क में अगर थोड़ी भी गड़बड़ी हो तो इसका सीधा प्रभाव पूरे निर्माण कार्य पर होता है. जिससे अनुमान लगाया जा सकता है कि तिरोड़ी में बने ओवर ब्रिज में गुणवत्ता और मापदंड का ध्यान नहीं रखा गया. इसी का परिणाम है कि यह ब्रिज अपनी आए दिन सुर्खियों में बना हुआ रहता है।



## भरवेली खदान में खान सुरक्षा पखवाडे का शुभारंभ किया गया

### प्रत्येक व्यक्ति सुरक्षा को जीवन शैली बनाये- सक्सेना

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर मॉयल लिमिटेड बालाघाट खान भरवेली में 03 से 17 जुलाई तक आयोजित खान सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ मॉयल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अजीत कुमार सक्सेना के द्वारा 03 जुलाई बुधवार को किया गया। इस अवसर पर निदेशक उत्पादन एवं योजना एम.एम.अब्दुल्ला, निदेशक वित्त राकेश तुमाने, निदेशक मानव संसाधन श्रीमती उषा सिंह, निदेशक वाणिज्य सुश्री रश्मि सिंह, कार्यकारिणी निदेशक तकनीकी प्रशांत करैया, महाप्रबंधक सुरक्षा ए.व्ही. मसादे, महाप्रबंधक उत्पादन विकास परिदा, महाप्रबंधक विद्युत अखिलेश राय, संयुक्त महाप्रबंधक समुह-1 किशोर चन्द्राकर, अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक समुह-1 राजेश कुमार सिंह, विद्युत विभाग प्रमुख गौरव बैसखयार, सुरक्षा अधिकारी यु.एन. चर्पे, सिविल विभाग प्रमुख नितिन दुधे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी कामगार उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सक्सेना द्वारा सुरक्षा ध्वज फहरा कर सुरक्षा की शपथ ली गई। पखवाडे के सात दिनों तक अलग अलग वरिष्ठ विशेषज्ञों द्वारा सुरक्षा संबंधी कार्यस्थल पर जाकर मार्गदर्शक किया जायेगा।उसके बाद मंचीय कार्यक्रम में मॉयल अस्पताल में पदस्थ नर्स श्रीमती प्रदन्न मुखर्जी, मनोज रामटेके के द्वारा सुरक्षा पर आधारित कविता पाठक करने के पूर्व स्वागत गीत एवं सुरक्षा गीत प्रस्तुत किया गया। सुरक्षा उपकरणों का उपयोग कैसे किया जाये इस पर प्रभावशील मंचन किया गया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को किस प्रकार से तत्कालिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाये इसका भी मंचन हुआ। साथ ही मॉयल एवं प्राइवेट ठेकेदारों के 2-2 श्रमिकों को पुरूष व महिला को सुरक्षित रहकर कार्य करने हेतु सम्मानीत किया गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में अजीत सक्सेना ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षा को अपनी जीवन शैली बनाना चाहिये ताकि हम एक सफल जीवन जी सके। सुरक्षा केवल कार्यस्थल पर ही नहीं होनी चाहिये बल्कि घर एवं घर से बाहर सुरक्षा से जुड़े संसाधन पर गंभीरता पूर्वक अमल करना चाहिये। जहां आपको लगता है कि हम यहां सुरक्षित नहीं है ऐसे स्थल पर कार्य नहीं करना चाहिये, जब तक की वहां सुरक्षा के उपाय पूर्ण न कर लिये जाये। मैं अपने साथी कामगार कर्मचारियों से अपेक्षा करता हूँ कि वह सुरक्षा प्रबंध का नियमानुसार पालन करते हुए अपने कार्यो का संचालन करेगें। सुरक्षा प्रबंध को दांव पर लगाकर हमें कोई कार्य नहीं करना चाहिये।अंत में स्कूल के बच्चों के द्वारा सुरक्षा पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का अतिथियों के द्वारा अवलोकन कर उन्हें नम्बर दिये गये। कार्यक्रम में प्रतिवेदन राजेश कुमार सिंह संचालन श्रीमती निकहत शेख द्वारा किया गया।



## विधायक ने मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री का जताया आभार

# विधायक पटेल के प्रयासों से बजट में 2800 लाख रूपये की 4 सड़क

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार 03 जुलाई को अपनी सरकार का नया बजट पेश किया। इस बजट से जिलेवासियों सहित वारासिवनी विधानसभा के नागरिकों को भी खासी उम्मीद थी। लेकिन उनकी उम्मीदों पर सरकार ने पानी फेरते हुए मात्र लगभग 2800 लाख रुपये की कुछ सडक्रे ही वारासिवनी विधानसभा को प्रदान की हैं। वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र में विपक्ष का विधायक विवेक पटेल के होने के बावजूद वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने लगभग 23.5 किलोमीटर की 4 महत्वपूर्ण सडक्रों के लिए रकम बजट में दी हैं। जिस पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के प्रति आभार प्रकट किया गया हैं।

**वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र की इन सडक्रों को बजट में किया गया शामिलः** लोक निर्माण विभाग अंतर्गत वारासिवनी-खैरलाँजी विधानसभा में करोड़ों रूपए की सडक्रों को बजट में शामिल किया गया। जिसमें 2100 लाख रूपए की लागत से डोंगरमाली से घोटी 14 किमी मार्ग 700 लाख रूपए की लागत से कुल 11.70 किमी मार्ग में से आलेझरी-कासपुर मार्ग 1.50 किमी, गर्रा-एकोड़ी मार्ग 2 किमी, वारा से आलेझरी मार्ग 6 किमी की सडक्र बनाने का प्रावधान बजट में किया गया।

**बजट में किसानों का नहीं रखा गया ध्यान :** विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि सरकार ने बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया है,जो एक अच्छा कदम है। सरकार ध्यान रखे की बजट में आबंटित राशि से विकास हो और वह हितग्राहियों के खाते तक पहुंचे। सरकार के बजट में चुनावी वादे अनुसार धान का 31 सौ रूपए मूल्य नहीं दिए जाने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यदि सरकार यह कर देती हैं, तो धान उत्पादक बालाघाट जिले के किसानों को इसका फायदा होगा और यह एक अच्छा बजट कहलाता।



## विवेकानंद जयंती पर भारत विकास परिषद ने किया पौधारोपण

**वारासिवनी।** महान विचारक और देश के युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि के अवसर पर भारत विकास परिषद वारासिवनी द्वारा सोमनाथ उद्यान सावंगी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर शाखा संरक्षक डॉ नीरज अरोरा ने बताया कि जिस प्रकार से विकास की दौड़ में वृक्षों को काटा जा रहा है और पृथ्वी पर वृक्षों की कमी के कारण धरती गर्म हो रही है। जिसके कारण सामान्य जीवन में बहुत परिवर्तन देखने मिल रहा है और पृथ्वी के संतुलन बिगडने से कई बीमारियों और प्राकृतिक घटनाओं का सामना करना पड़ रहा हैं। आज हमने भारत विकास परिषद के सदस्यों के साथ पौधारोपण कर जन जागृति की दिशा में आगे बढ़े है।

## बालाघाट पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में हुआ विद्यालय प्रबंधन समिति का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

गुरुवार को केंद्रीय विद्यालय परिसर में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई ।बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति के नामित अध्यक्ष एसडीएम श्री गोपाल सोनी एवं अन्य सदस्यों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विभिन्न बिंदुओ पर चर्चा की गई। जिसमे 06 जुलाई 2023 को आयोजित वीएमसी की कार्रवाई रिपोर्ट, 2023-24 की बोर्ड परीक्षा और गैर बोर्ड परीक्षा का परिणाम और स्थिति, स्टाफ रिक्ति रिपोर्ट और स्थानांतरण, छात्र नामांकन स्थिति,जेम के माध्यम से विभिन्न विभागों की वार्षिक क्रय प्रक्रिया, सत्र 2024-25 के दौरान नवीन प्रवेश प्रक्रिया और प्रवेश दिशा निर्देशों में बदलाव शामिल रहे। इसके साथ ही खेल अधोसंरचना विकास एवं खेल आयोजन 2024-25, पीएम श्री संबंधी गतिविधियां, संविदा शिक्षक नियुक्ति, विद्यालय की गतिविधियाँ एवं उपलब्धियाँ,जिला खनन निधि द्वारा प्रार्थना सभा प्रांगण में शेड का निर्माण एवं इंटरैक्टिव बोर्ड की व्यवस्था आदि विषयों पर चर्चा की गई।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2024-25
AGRICULTURE
B.Sc.(Hons.) Ag. | B.Tech.
M.Sc.(Ag) (Agronomy/Horticulture)
LAW
BA LL.B. | LL.B. | LL.M.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111